दिन–शनिवार दिनांक– 20 / 12 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रदेश में घने कोहरे ओर कड़ाके की ठंड से जनजीवन प्रभावित। मौसम विभाग के अनुसार अगले पांच दिनों तक राहत के आसार नहीं।

02. प्रदेश में सरकारी जमीन के निजी हस्तानांतरण पर रोक। मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने जारी किये निर्देश।

03. प्रवर्तन निदेशालय ने बिहार निवासी अभिनेत्री नेहा शर्मा समेत फिल्म और खेल जगत से जुड़ी सात हस्तियों की सम्पत्ति जब्त की।

04. और, निगरानी जांच ब्यूरो टीम ने मुजफ्फरपुर और पूर्वी चंपारण जिले से दो सरकारी कर्मियों को रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया।

————————————————————

पूरा प्रदेश घने कोहरे और कड़ाके की ठंड की चपेट में है। अधिकतम तापमान सामान्य से आठ डिग्री सेल्सियस कम दर्ज किया गया। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार आज सुबह राज्य के पश्चिम, मध्य और उत्तर–पूर्वी भागों में कई जगहों पर घना से अति घना कोहरा छाया रहा। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले चार से पांच दिनों तक राज्य के अधिकतर हिस्सों में मध्यम से घने स्तर का कोहरा छाये रहने की सम्भावना है। इस अवधि में अधिकतम और न्यूनतम तापमान में किसी विशेष परिवर्तन की सम्भावना नहीं है।

———बाईट———

इधर, घने कोहरे के कारण रेल और हवाई परिचालन प्रभावित हुआ है। कोहरे के कारण कल पटना, गया, दरभंगा और पूर्णिया हवाई अड्डे से कई विमानों को रद्द कर दिया गया जबकि कई अन्य विमानों का परिचालन निर्धारित समय से विलम्ब से हुआ। लम्बी दूरी की कई रेलगाड़ियों का परिचालन भी प्रभावित हुआ है। इस बीच, ठंड और कोहरे की स्थिति को देखते हुये पटना समेत कई जिलों में स्कूलों के संचालन समय में परिवर्तन किया गया है। वहीं, शिवहर, दरभंगा, सारण और पूर्वी चम्पारण जिलों में कक्षा एक से आठ तक की कक्षाओं में अलग–अलग तिथियों तक पठन–पाठन स्थगित कर दिया गया है।

————————————————————

प्रदेश में सरकारी जमीन के निजी हस्तानांतरण पर रोक लगा दी गयी है। मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने इस संबंध में सभी प्रमंडलीय आयुक्तों, जिलाधिकारी, अनुमंडलाधिकारी और अंचलाधिकारियों को निर्देश जारी किया है। मुख्य सचिव ने

भू–माफिया और भ्रष्ट अधिकारियों पर तत्काल कार्रवाई करने और वैसे सरकारी सेवकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिये हैं जो, भूमि के अवैध हस्तानांतरण में संलिप्त हैं।

———————————————————

उपमुख्यमंत्री सह राजस्व और भूमि सुधार मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने राजस्व कर्मियों को कार्यप्रणाली में ठोस सुधार लाने के निर्देश दिये हैं। पटना के ज्ञान भवन में आयोजित भूमि सुधार जन कल्याण कार्यशाला में श्री सिन्हा ने मामलों के ससमय निष्पादन का निर्देश दिया।

———बाईट———

———————————————————

प्रवर्तन निदेशालय ने बिहार निवासी अभिनेत्री नेहा शर्मा समेत फिल्म जगत से जुड़ी पांच और क्रिकेट जगत से जुड़ी दो हस्तियों की सम्पत्ति जब्त की है। निदेशालय ने सट्टेबाजी एप से जुड़े धनशोधन मामले में ये कार्रवाई की है। नेहा शर्मा की एक करोड़ छब्बीस लाख रूपये की सम्पत्ति जब्त की गयी है। नेहा शर्मा कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और भागलपुर के पूर्व विधायक अजीत शर्मा की पुत्री हैं। इस मामले में क्रिकेटर युवराज सिंह, रोबिन उथप्पा और अभिनेता सोनू सूद की सम्पत्ति भी जब्त की है।

———————————————————

प्रदेश में कई प्रमुख औद्योगिक समूहों ने उद्योगों की स्थापना को लेकर रूचि दिखाई है। कल पटना में आयोजित उद्योग वार्ता में उद्यमियों ने इलेक्ट्रॉनिक और स्टील प्लांट लगाने का प्रस्ताव दिया। मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत के साथ आयोजित वार्ता में चौदह प्रमुख उद्यमी शामिल हुये। मुख्य सचिव ने उद्यमियों को भूमि उपलब्ध कराने और उनकी मांगों पर तत्काल विचार करने का आश्वासन दिया। वार्ता के दौरान श्री अमृत ने उद्यमियों की शिकायतों पर संबंधित विभागों को तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिये।

———————————————————

राज्य के सभी पुलिस लाईन में आवासीय विद्यालय खोले जायेंगे। उपमुख्यमंत्री सह गृह मंत्री सम्राट चौधरी ने पटना में आयोजित एक कार्यक्रम में यह घोषणा की। उन्होंने कहा कि इन विद्यालयों की स्थापना नवोदय विद्यालय की तर्ज पर होगी। इन विद्यालयों में पुलिस लाईन में रहने वाले कर्मियों के साथ ही थानों में तैनात पुलिस कर्मियों के बच्चे पढ़ेंगे। श्री चौधरी ने बताया कि होमगार्ड जवानों को भी बिहार पुलिस की तरह बीमा योजना का लाभ दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि पुलिस कर्मियों के लिए कैशलेस इलाज की व्यवस्था पर भी विचार किया जा रहा है।

———————————————————

वित्त मंत्री और सुपौल के विधायक बिजेन्द्र प्रसाद यादव ने केन्द्र सरकार से सुपौल और दरभंगा के बीच राष्ट्रीय राजमार्ग बनाने की मांग की है। इस संबंध में उन्होंने केन्द्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी को पत्र लिखा है। पत्र में कहा गया है कि इस एनएच का निर्माण होने से दरभंगा और मधुबनी का पूर्वोत्तर भारत से सीधा सम्पर्क हो जायेगा।

———————————————————————

केन्द्र सरकार ने एक दिसम्बर से भारत टैक्सी की शुरूआत की है। इस सहकारिता आधारित पहल का उद्देश्य देश के राइड—हेलिंग क्षेत्र में निष्पक्ष, पारदर्शी और ड्राइवर के मालिकाना हक वाला विकल्प देना है। केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह के दृष्टिकोण से प्रेरित यह पहल, ड्राइवरों को मालिकाना हक और लाभ में हिस्सेदारी देने पर केंद्रित है। एक रिपोर्ट—

———रिपोर्ट———

———————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कल नई दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नवीन से मुलाकात की। एक सोशल मीडिया पोस्ट में, प्रधानमंत्री ने श्री नवीन को उनकी नई ज़िम्मेदारी के लिए बधाई दी और ज़मीनी स्तर पर पार्टी को मज़बूत करने के उनके प्रयासों में सफलता की कामना की। नितिन नवीन के नेतृत्व पर भरोसा जताते हुए श्री मोदी ने कहा कि उनका संगठनात्मक और प्रशासनिक अनुभव पार्टी के लिए एक मूल्यवान धरोहर साबित होगा।

———————————————————————

आज सशस्त्र सीमा बल, एसएसबी अपना बासठवां स्थापना दिवस मना रहा है। इस अवसर पर केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बल के जवानों और उनके परिवारों को शुभकामनाएं दी हैं। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री शाह ने कहा कि देश की सीमाओं की रक्षा करने से लेकर संकट के समय नागरिकों के साथ खड़े रहने तक, सशस्त्र सीमा बल ने हमेशा देश को गौरवान्वित किया है। इधर, एसएसबी पटना सीमांत मुख्यालय की ओर से इस अवसर पर कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं।

———————————————————————

बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन का चौवालीसवां महाधिवेशन आज से पटना में शुरू हो रहा है। इसका उद्घाटन राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां करेंगे। दो दिनों तक चलने वाला यह महाधिवेशन सिख धर्म के नौवें गुरु गुरु तेग बहादुर के तीन सौ पचासवें बलिदान वर्ष को समर्पित है।

———————————————————————

निगरानी जांच ब्यूरो की टीम ने मुजफ्फरपुर के मोतीपुर अंचल कार्यालय के लिपिक श्याम चन्द्र किशोर को आठ हजार रूपये रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार लिपिक शिकायतकर्ता से भू–स्वामित्व प्रमाण पत्र बनाने के लिए रिश्वत ले रहा था। वहीं, पूर्वी चंपारण के केसरिया में निगरानी की टीम ने आंगनबाड़ी केंद्र की महिला पर्यवेक्षिका अंबालिका कुमारी को चार हजार रुपये रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया है। ब्यूरो के पुलिस उपाधीक्षक अखिलेश कुमार ने बताया कि मठिया पंचायत निवासी जनार्दन प्रसाद के आवेदन की जांच के बाद यह कार्रवाई की गई।

———————————————————————

अरवल की एक अदालत ने दस वर्ष पुराने हत्या के एक मामले में तीन दोषियों को आजीवन कारावास तथा अर्थदंड की सजा सुनाई है। वहीं, अररिया व्यवहार न्यायालय की एक अदालत ने एक नवविवाहिता की हत्या के मामले में दो दोषियों को आजीवन कारावास की सजा के साथ पचास – पचास हजार रुपया जुर्माना लगाया है। दूसरी तरफ, छपरा की एक अदालत ने हत्या के प्रयास के एक मामले में दोषी नितेश कुमार सिंह को सात साल कठोर कारावास और बीस हजार रूपये जुर्माने की सजा सुनाई है।

———————————————————————

मुंगेर जिले के मानगढ–सिंधियापथ पर चिमनी भट्ठा के पास लकड़ियों की अवैध तस्करी रोकने गयी वन विभाग की टीम पर तस्करों ने हमला कर दिया। हमले में चार वनकर्मी घायल हुये हैं। रेंजर जंगबहादुर राम ने बताया कि मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है जबकि तस्करी में शामिल टमटम को जब्त कर लिया गया है।

———————————————————————

गोपालगंज के थावे दुर्गा मंदिर में हुई चोरी के मामले में पन्द्रह सदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच के लिए गठित एसआईटी लगातार छापेमारी कर रही है।

———————————————————————

सहकारिता विभाग ने धान खरीद में अनियमितता बरतने के आरोप में दरभंगा के सहकारिता प्रसार पदाधिकारी कुमार विनय को निलंबित कर दिया है।

———————————————————————

गया जंक्शन पर दून एक्सप्रेस से आरपीएफ की टीम ने एक सौ दो जिंदा कछुएं बरामद किये हैं। बरामद कछुये का बाजार मूल्य इक्यावन लाख बताया जाता है।

———————————————————————

गयाजी के छकरबंधा थाना क्षेत्र से पुलिस और एसटीएफ की टीम ने तीन किलो से अधिक अफीम के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————

पटना के नौबतपुर थाना क्षेत्र में पुलिस ने छापेमारी कर नौ लाख रूपये मूल्य की शराब बरामद की है। पुलिस तस्करों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

———————————————————————

ग्वालियर में खेले जा रहे विजय मर्चेंट ट्रॉफी के एलीट ग्रुप मुकाबले में बिहार ने दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक ओडिशा पर बढ़त बना ली है।

मुंगेर जिले के सदर प्रखंड स्थित मुबारकचक निवासी तौहीद अहमद और हवेलीखड़गपुर निवासी सन्नी कुमार का संतोष ट्रॉफी के लिए बिहार एलेवन फुटबॉल टीम में चयन किया गया है।

———————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिंदुस्तान की सुर्खी है– सट्टेबाजी– युवराज, नेहा शर्मा समेत सात की संपत्तियां जब्त।

दैनिक जागरण ने मौसम से जुड़ी खबर को प्रमुखता देते हुये लिखा है– जम्मू से ठंडा बिहार, तीन दिन रहेगा घना कोहरा।

दैनिक भास्कर लिखता है– नागपुर में पानी की टंकी फटने से बिहार के छह मजदूरों की मौत। नौ घायल, सभी घायल बिहार के, तीन की हालत गंभीर।

प्रभात खबर ने लिखा है –लैंड फॉर जॉब दूसरे कोर्ट में नहीं ट्रांसफर होगी, राबड़ी की याचिका खारिज।

राष्ट्रीय सहारा के शब्द हैं– संसद की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित। शीतकालीन सत्र के दौरान कुल आठ बिल हुए पारित।

आज अखबार लिखता है – मछुआरों के लिए सामूहिक दुर्घटना बीमा योजना लागू

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. प्रदेश में घने कोहरे ओर कड़ाके की ठंड से जनजीवन प्रभावित। मौसम विभाग के अनुसार अगले पांच दिनों तक राहत के आसार नहीं।

02. प्रदेश में सरकारी जमीन के निजी हस्तानांतरण पर रोक। मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने जारी किये निर्देश।

03. प्रवर्तन निदेशालय ने बिहार निवासी अभिनेत्री नेहा शर्मा समेत फिल्म और खेल जगत से जुड़ी सात हस्तियों की सम्पत्ति जब्त की।

04. और, निगरानी जांच ब्यूरो टीम ने मुजफ्फरपुर और पूर्वी चंपारण जिले से दो सरकारी कर्मियों को रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।